**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0,सहिया देहरादून**
**Office of the Executive Engineer, Ty.Divi., PWD, Sahiya, Dehradun Uttarakhand**
**Phone/ Fax:- 01360-276595** **E-mail: eepwdsahiyakalsi@gmail.com**
**Web-http://uk.pwd.gov.in**

पत्रांक 2068 / सी०                                                                 दिनांक 11 / 12 / 2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
चकराता, वन प्रभाग
चकराता, कालसी।

विषयः— जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता के विकासखण्ड कालसी मे बबडीधार लोहन बैण्ड से बाघना तक मोटर मार्ग के निर्माण (लम्बाई 9.50 किमी0) के सम्बन्ध में।
ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या— FP/UK/ROAD/ 48748/2020

संदर्भः— आपका पत्र संख्या— 1972 / 12—1 दिनांक 04.11.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र में आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित मार्ग के समरेखण में आने वाली कतिपय श्रेणी की भूमि के क्षेत्रफल त्रुटिपूर्ण अपलोड किये गये है। उक्त के कम में इस खण्ड में कार्यरत श्री सुन्दर सिंह, अमीन की आख्या व सहायक अभियन्ता की संस्तुति के अधार पर अवगत कराना है, कि उक्त वनभूमि प्रस्ताव के प्रपत्र 15 में उल्लेखित डम्पिंग यार्ड हेतु 0.039 है0 आरक्षित वन भूमि अर्जित की जानी है। त्रुटिवंश प्रारूप 15 में सिविल भूमि दर्शायी गयी है। जबकि उक्त भूमि आरक्षित वन भूमि है जिसका उल्लेख प्रस्ताव के प्रारूप—6 में भी स्पष्ट रूप से अंकित है। (प्रारूप 6 की छायाप्रति संलग्न)

अतः इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आख्या के कम में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

11/12/24

(इं0 रचना थपलियाल)
अधिशासी अभियन्ता,
अ0ख0,लो0नि0वि0,सहिया

पत्रांक /                                                                 दिनांक / /2024

प्रतिलिपिः— सहायक अभियन्ता तृतीय, अ0ख0, लो0नि0वि0, सहिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः— वनभूमि सहायक / खण्डीय अमीन, अ0ख0, लो0नि0वि0, सहिया को सूचनार्थ एवं प्रपत्र तैयार कर ऑनलाईन अपलोड करने तथा हार्ड प्रति में भी संशोधित करने हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
अ0ख0, लो0नि0वि0,सहिया